THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI CM. IBRAHIM): (a) Yes, Sir.

(b) Rs. 268.94 crores (Gross commercial revenue)

(c) Rs. 480 crores.

(d) The gross commercial revenue earned by Doordarshan during the. last three year is as under:—

Year	Gross Revenue (Rs. in crores)
1993-94	372.98
1994-95	398.02
1995-96	430.13

मतदाताओं को पहचान-पत्र प्रदान करने की योजना

469. **श्री राम जेठमलानी :** क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों में देश में समस्त मतदाताओं को पहचान-पत्र देने की एक योजना आरंभ की गई थी;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत जून, 1996 तक कितने प्रतिशत मतदाताओं को पहचान-पत्र जारी किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना के तहत देश के समस्त मतदाताओं को पहचान-पत्र जारी करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है;

(घ) यदि हां, तो वह क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) जून, 1996 तक देश में पहचान-पत्र जारी करने हेतु कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है?

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री रामाकांत डी० खलप) : (क) जी हां।

(ख) ऐसे मतदाताओं, जिन्हें 1996 तक विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में फोटो पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं, की प्रतिशतता दर्शित करने वाला एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) निर्वाचन आयोग ने स्कीम को पूरा करने के लिए अंतिम तारीख मूलतः 30 नवम्बर, 1994 नियत की थी। तथापि, यह अंतिम तारीख समय-समय पर बढ़ाई गई थी और अंतिम बार यह 31 मार्च, 1996 तक बढ़ाई गई थी। निर्वाचन आयोग द्वारा अभी तक कोई नई अंतिम तारीख अधिकथित नहीं की गई है किन्तु संपूर्ण मुद्दे को, 3 दिसंबर, 1996 को होने वाले मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के आगामी सम्मेलन में विचार के लिए नियत किया गया है।

(ङ) केन्द्रीय सरकार ने, फोटो पहचान पत्र स्कीम के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को जून, 1996 तक लगभग 423 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है।

विवरण

क्र० सं०	राज्यों संघ राज्यक्षेत्रों के नाम	ऐसे मतदाताओं की प्रतिशतता जिन्हें जून, 1996 तक पहचानपत्र दे दिए गए।
	राज्य	
1.	आंध्र प्रदेश	35.67
2.	अरुणांचल प्रदेश	60.11
3.	असम	शून्य
4.	बिहार	14.63

क्र०	संघ राज्यों संघ राज्यक्षेत्रों के नाम	ऐसे मतदाताओं की प्रतिशतता जिन्हें जून, 1996 तक पहचानपत्र दे दिए गए।
5.	गोवा	80.28
6.	गुजरात	69.50
7.	हरियाणा	81.50
8.	हिमाचल प्रदेश	59.98
9.	जम्मू-कश्मीर	स्कीम अभी आरंभ नहीं की गई
10.	कर्नाटक	54.41
11.	केरल	कार्य अभी आरंभ नहीं किया गया
12.	मध्य प्रदेश	35.61
13.	महाराष्ट्र	77.44
14.	मणिपुर	74.14
15.	मेघालय	74.26
16.	मिजोरम	कार्य अभी आरंभ नहीं किया गया
17.	नागालैंड	शून्य
18.	उड़ीसा	64.89
19.	पंजाब	67.43
20.	राजस्थान	63.31
21.	सिक्किम	71.59
22.	तमिलनाडु	शून्य
23.	त्रिपुरा	26.06
24.	उत्तर प्रदेश	32.04
25.	पश्चिमी बंगाल	64.21

	संघ राज्यक्षेत्र	
26.	अन्दमान और निकोबार द्वीप	80.97
27.	चंडीगढ़	65.30
28.	दादरा और नागर हवेली	32.29
29.	दमन और दीव	58.50
30	दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र	62.54
31.	लक्षद्वीप	82.85
32.	पांडिचेरी	85.49

Expansion of Vgayawada Airport

470. DR. D. VENKATESHWAJ RAO : Will the Minister of CIVIL AVI ATION be pleased to state :

(a) whether Andhra Pradesh has beer representing to Government for expan sion of Vijayawada Airport;

(b) if so, whether state government has also spent Rs. 60 lakhs in acquiring land etc.;

(c) if so, what is the main reason foi delay in expansion of Vijayawada Airport-

(d) whether in 1996-97 governmenl propose to expand the Vijayawada Airport; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI CM. IBRAHIM) : (a) Yes, Sir.

(b) Airports Authority of India (AAI) Ministry of Civil Aviation have no information in this regard. However, the Government of Andhra Pradesh has handed over to the AAI, free of cost, 79.57 acres of land for the development of Vijayawada Airport.

(c) to (e) AAI had to prepare detailed olan and estimates. This has been done low. Work is likely to be awarded in February, 1997.

देश में पीला बुखार फैलने की संभावना

471. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:**
श्री नीलोत्पल बसु:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू०एच०ओ०) ने चेतावनी दी है कि भारत और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों में पीला बुखार फैलने की संभावना है;

(ख) क्या केन्या में पीले बुखार की महामारी फैलने के बाद भारत और दक्षिण-पूर्वी एशिया के तटीय प्रदेशों में इसके फैलने का खतरा बढ़ गया है;

(ग) क्या यह बीमारी उन्हीं मच्छरों से फैलती है जिनसे डेंगू फैलता है; और

(घ) इस संभावित महामारी को रोकने के लिए और उसका मुकाबला करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?